Postal Reg. No.GDP -45/2020-2022

अल्लाह तआला का आदेश

وَلِلّٰهِ مَا فِي السَّمٰوٰتِ وَمَا فِي الْاَرْضِ ۚ يَغْفِرُ لِمَنْ يَّشَآءُ وَيُعَذِّبُ مَنْ يَّشَآءُ ۚ وَاللّٰهُ غَفُوْرٌ رَّحِيْمٌ۔

(सूरत आले-इम्रान आयत :130)

अनुवाद: और अल्लाह ही का है जो आकाशों और ज़मीन में है वह जिसे चाहता है क्षमा कर देता है और जिसे चाहता है आज़ाब देता है और अल्लाह बहुत क्षमा करने वाला और बार बार रहम करने वाला है।

بِسۡمِ اللّٰہِ الرَّحۡمٰنِ الرَّحِیۡمِ نَحۡمَدُہٗ وَنُصَلِّیۡ عَلٰی رَسُوۡلِہِ الۡکَرِیۡمِ وَعَلٰی عَبۡدِہِ الۡمَسِیۡحِ الۡمَوۡعُوۡدِ

وَلَقَدۡ نَصَرَکُمُ اللّٰہُ بِبَدۡرٍ وَّاَنۡتُمۡ اَذِلَّۃٌ

वर्ष 5

साप्ताहिक क़ादियान

बदर

Weekly BADAR Qadian HINDI

अंक 25

संपादक शेख़ मुजाहिद अहमद

मूल्य 500 रुपए वार्षिक

25 शव्वाल 1441 हिजरी कमरी 18 इहसान 1399 हिजरी इहसान 18 जून 2020 ई.

अख़बार-ए-अहमदिया

रूहानी ख़लीफ़ा इमाम जमाअत अहमदिया हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद साहिब ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल;ल अज़ीज सकुशल हैं। अलहम्दोलिल्लाह। अल्लाह तआला हुज़ूर को सेहत तथा सलामती से रखे तथा प्रत्येक क्षण अपना फ़जल नाज़िल करे। आमीन

अगर ख़ुदा तआला से सच्चा सम्बन्ध,हक़ीक़ी वास्ता क़ायम करना चाहते हो तो नमाज़ पर अनुकरण करने वाले बन जाओ और ऐसे करने वाले बनो कि तुम्हारा जिस्म न तुम्हारी ज़बान बल्कि तुम्हारी रूह के इरादे और भावना सब के सब साक्षात नमाज़ हो जाएं।

उपदेश सय्यदना हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम

माध्यमों से काम लेना दुआ का विभाग है

सुनो! वह दुआ जिस के लिए اُدْعُوْنِیْٓ اَسْتَجِبْ لَکُمْ (अल-मोमिन: 61) फ़रमाया है इस के लिए यही सच्ची रूह अभीष्ट है। अगर इस विनय और रोने में हक़ीक़त की रूह नहीं तो वह टें टें से कम नहीं है। फिर कोई कह सकता है कि माध्यों की रियाइत ज़रूरी नहीं है? यह एक ग़लत फ़हमी है। शरीयत ने माध्यमों को मना नहीं किया है और सच पूछो तो क्या दुआ माध्यम नहीं? या दुआ का माध्यम नहीं? माध्यम का तलाश अपने आप में ख़ुद एक दुआ है और दुआ अपने आप में महान माध्यम का का चश्मा! इन्सान की ज़ाहिरी बनावट उस के दो हाथ दो पांव की बनावट एक दूसरे की सहायता का एक क़ुदरती रहनुमा है। जब यह नज़ारा ख़ुद इन्सान में मौजूद है फिर किस क़दर आश्चर्य और ताज्जुब की बात है कि وَتَعَاوَنُوْا عَلَى الْبِرِّ وَالتَّقْوٰى(अल-माइद :3) के अर्थ समझने में मुश्किलों को देखे।

हाँ! मैं कहता हूँ कि माध्यम का तलाश करना भी दुआ के द्वारा करो!!! आपसी सहायता के मैं नहीं समझता कि जब मैं तुम्हें तुम्हारे जिस्म के अंदर अल्लाह तआला का एक क़ायम किया गया सिलसिला और पूर्ण रहनुमा सिलसिला दिखाता हूँ, तुम इस से इन्कार करो। अल्लाह तआला ने इस बात को और भी साफ़ करने और वज़ाहत से दुनिया पर खोल देने के लिए अंबिया अलैहेमुस्सलाम का एक सिलसिला दुनिया में क़ायम किया। अल्लाह तआला इस बात पर क़ादिर था और कादिर है कि अगर वह चाहे तो किसी किस्म की सहायता की ज़रूरत उन रसूलों को बाक़ी न रहने दे। मगर फिर भी एक वक़्त उन पर आता है कि مَنْ اَنْصَارِیْٓ اِلَی اللّٰہِ (अस्सफ़:15) कहने पर मजबूर होते हैं।वह एक टुकड़ा रोटी मांगने वाले फक़ीर की तरह बोलते हैं? नहीं।مَنْ اَنْصَارِیْٓ اِلَی اللّٰہِ कहने की भी एक शान होती है। वह दुनिया को माध्यमों की रियायत सिखाना चाहते हैं जो दुआ का एक विबाग है। वर्ना अल्लाह तआला पर उन को कामिल ईमान,उस के वादों पर पूरा यक़ीन होता है। वे जानते हैं कि अल्लाह तआला का वादा कि اِنَّا لَنَنْصُرُ رُسُلَنَا وَالَّذِیْنَ اٰمَنُوْا فِی الْحَیٰوۃِ الدُّنْیَا (अल-मोमिन:52) एक यक़ीनी और विश्वसनीय वादा है। मैं कहता हूँ कि भला अगर ख़ुदा किसी के दिल में मदद का ख़्याल न डाले तो कोई कैसे मदद कर सकता है।

अल्लाह के मामूर का सहायता मांगने का भेद

असल बात यही है कि वास्तविक सहयोग करने वाला और सहायक वही पवित्र हस्ती है, जिसकी शान نِعْمَ الْمَوْلٰى وَنِعْمَ النَّصِيْرُ وَنِعْمَ الْوَكِيْلُ है। दुनिया और दुनिया की मददें उन लोगों के सामने मुर्दा की तरह होती हैं ओर मुर्दा कीड़े के बराबर भी हक़ीक़त नहीं रखती हैं लेकिन दुनिया को दुआ का एक मोटा तरीक़ बतलाने के लिए वे यह राह भी धारण करते हैं। हक़ीक़त में वे अपने कारोबार का मुतवल्ली ख़ुदा तआला ही को जानते हैं और यह बात बिलकुल सच है।وَهُوَ يَتَوَلَّى الصّٰلِحِيْنَ (अल-आराफ़:197) अल्लाह तआला उनको मामूर कर देता है कि वे अपने कारोबार को दूसरों के माध्यम से ज़ाहिर करें। हमारे रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम विभिन्न स्थानों पर मदद की नसीहत करते थे, इस लिए कि वह अल्लाह की सहायता का समय था। इस को तलाश करते थे कि वह किस के साथ होती है। यह एक बहुत ध्यान देने योग्य बात है। वास्तव में अल्लाह का मामूर लोगों से मदद नहीं मांगता बल्कि مَنْ اَنْصَارِیْٓ اِلَی اللّٰہِ (अलस्सफ़:15) कह कर वह उस अल्लाह तआला की सहायता का स्वागत करना चाहता है और एक मुलाक़ात के शौक़ से बेक़रार दिल की तरह उस की तलाश में रहता है। अज्ञान और बद किस्मत लोग यह समझते हैं कि वे लोगों से मदद मांगता है, बल्कि इसी तरह पर इस शान में वह किसी दिल के लिए जो इस सहायता का कारण होता है एक बरकत और रहमत का कारण होता है। अत: अल्लाह के मामूर की सहायता मांगने का असल भेद और राज़ यह ही है जो क़यामत तक इसी तरह पर रहेगा। धर्म के प्रचार में अल्लाह के मामूर दूसरों से मदद चाहते हैं। मगर क्यों? अपने फ़र्ज़ को अदा करने के लिए, ताकि दिलों में ख़ुदा तआला की महानता पैदा करे; वर्ना यह एक ऐसी बात है कि क़रीब कुफ़्र के निकट पहुंच जाती है। अगर अल्लाह के अतिरिक्त को मुतवल्ली क़रार दें और उन नफ़ूस क़ुदसिया से ऐसी संभावना? कदापि असम्भव है। मैंने अभी कहा है कि तौहीद तब ही पूरी होती है कि समस्त मुरादों का देने वाला और समस्त बीमारियों का दूर करने वाला और ठीक करने वाला वही एक ज़ात हो। ला इलाह इल्लल्लाह के अर्थ यही हैं। सूफ़ियों ने इस में इलाह के शब्द से महबूब, लक्ष्य, उपास्य अभिप्राय लिया है।

नि:सन्देह असल और सच यूंही है जब तक इन्सान कामिल तौर पर तौहीद पर अनुकरण नहीं करता, इस में इस्लाम की मुहब्बत और महानता क़ायम नहीं होती और फिर मैं असली बात की तरफ़ लौट कर कहता हूँ कि नमाज़ की लज़्ज़त और आनन्द इसे प्राप्त नहीं हो सकता। भरोसा इसी बात पर है कि जब तक बुरे इरादे, नापाक और गंदे मंसूबे भस्म न हों अंहकार और शेख़ी दूर हो कर विनम्रता और विनय न आए, ख़ुदा का सच्चा बंदा नहीं कहला सकता और सम्पूर्ण उबूदीयत के सिखाने के लिए बेहतरीन मुअल्लिम और सर्वोत्तम मार्ग नमाज़ ही है।

शेष पृष्ठ 12 पर

जमील अहमद नासिर प्रिंटर एवं पब्लिशर ने फ़ज़्ल-ए-उमर प्रिंटिंग प्रेस क़ादियान में छपवा कर दफ़्तर अख़बार बदर से प्रकाशित किया। प्रौपराइटर - निगरान बदर बोर्ड क़ादियान

सय्यदना हज़रत अमीरुल मोमिनीन ख़लीफतुल मसीह अल्ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्ररेहिल अज़ीज़ का यूरोप का सफर, सितम्बर अक्तूबर 2019 ई (भाग-8)

आजकल दुनिया बड़ी तेज़ी से अपने ख़ुदा से दूर रही है

एक बहुत बड़ी संख्या न सिर्फ धर्म से दूर जा रही है बल्कि ख़ुदा तआला के वजूद की भी इन्कारी है

और इस माहौल में रहते हुए जहां दुनिया के सामानों को सब कुछ समझा जाता है हमारे में से भी कुछ इस माहौल के अधीन आ जाते। ऐसे हालात में हमारी बहुत बड़ी ज़िम्मेदारी बन जाती है कि अपनी हालतों पर ध्यान रखें अपने आपको भी इस माहौल के प्रभाव से बचाएं और अपने बच्चों को भी इस माहौल के से बचाएं।

और ख़ुद अपने आपको भी एक कोशिश से ख़ुदा तआला से निकट करने की कोशिश करें और अपने बच्चों को भी ख़ुदा तआला के क़रीब लाने कोशिश करें

अपने आपको भी दुनिया की गन्दिगयों से बचाएं और अपनी औलादों को भी दुनिया की गन्दिगयों से बचाएं, बच्चों के सामने अपने ऐसे नमूने करें कि बच्चे बड़ों के नमूनों पर चल कर उन राहों पर चलें जो धर्म की तरफ़ ले जाने वाली राहें हैं, जो ख़ुदा तआला का क़ुरब दिलाने वाली राहें हैं।

जो ख़ुदा तआला के वजूद पर ईमान और यक़ीन पैदा करने वाली राहें हैं, जो अल्लाह तआला का प्यार समेट कर दुनिया और आख़िरत संवारने वाली राहें हैं

जलसा सालाना फ्रांस के अवसर पर सय्यदना हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ का औरतों से ईमान वर्धक ख़िताब

(रिपोर्ट: अब्दुल माजिद ताहिर, एडिशनल वकीलुत्तबशीर लंदन)

(अनुवादक: शेख मुजाहिद अहमद शास्त्री)

5 अक्तूबर 2019 दिनांक हफ़्ता(बक्रिया रिपोर्ट)

औरतों के इजलास से ख़िताब

तशह्हुद , ताव्वुज़ और सूरत फ़ातिहा की तिलावत के बाद हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ ने फ़रमाया: जैसा कि मैंने कल ख़ुत्बा में भी ज़िक्र किया था कि आजकल दुनिया बड़ी तेज़ी से अपने ख़ुदा से दूर जा रही है। एक बहुत बड़ी संख्या न सिर्फ धर्म से दूर जा रही है बल्कि ख़ुदा तआला के वजूद की भी इंन्कारी है और इस माहौल में रहते हुए जहां दुनिया के सामानों को सब कुछ समझा जाता है हमारे में से भी कुछ इस माहौल के अधीन प्रभाव आ जाते हैं। इस में बड़े भी शामिल हैं और बच्चे भी और नौजवान भी। ऐसे हालात में हमारी बहुत बड़ी ज़िम्मेदारी बन जाती है कि अपनी हालतों पर ध्यान रखें अपने आपको भी इस माहौल के प्रभाव से बचाएं और अपने बच्चों को भी इस माहौल के प्रभाव से बचाएं और ख़ुद अपने आपको भी एक कोशिश से ख़ुदा तआला से निकट करने की कोशिश करें और अपने बच्चों को भी ख़ुदा तआला के क़रीब-तर लाने की कोशिश करें। अपने आपको भी दुनिया की गन्दिगयों से बचाएं और अपनी औलादों को भी दुनिया की गन्दिगयों से बचाएं। बच्चों के सामने अपने ऐसे नमूने स्थापित करें कि बच्चे बड़ों के नमूनों पर चल कर उन राहों पर चलें जो धर्म की तरफ़ ले जाने वाली राहें हैं, जो ख़ुदा तआला का क़ुरब दिलाने वाली राहें हैं, जो ख़ुदा तआला के वजूद पर ईमान और यक़ीन पैदा करने वाली राहें हैं, जो अल्लाह तआला का प्यार समेट कर दुनिया और आख़िरत संवारने वाली राहे हैं।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ ने फ़रमाया: जहां यह मर्दों की ज़िम्मेदारी है कि अपने नमूने स्थापित करें और बहुत सावधानी पूर्वक इस भौतिक दुनिया की चमक दमक में ज़िन्दगी बसर करें वहां यह औरतों की भी ज़िम्मेदारी है। बच्चों की तर्बीयत की ज़िम्मेदारी अल्लाह और इस के रसूल ने औरतों पर डाली है। अगर हमारी औरतें ख़ुदा से प्यार करने वाली हैं। अगर ख़ुदा तआला का भय दिल में रखने वाली हैं तो उनको अपनी नस्लों को सँभालने के लिए इस माहौल में बड़ी मेहनत करने की ज़रूरत है। वक़्फ़ नौ में बहुत सी माताएं अपने बच्चे पेश कर देती हैं तो फिर उनकी तर्बीयत भी उनकी ज़िम्मेदारी है लेकिन अगर हर बच्चे की तर्बीयत की तरफ़ ध्यान नहीं और वक़्फ़ नौ और ग़ैर वक़्फ़ नौ हर बच्चा पर नज़र नहीं तो किसी एक की तर्बीयत पर बुरा प्रभाव पड़ेगा या वक़्फ़ नौ की तर्बीयत सही नहीं होगी या ग़ैर वाक़िफ़ नौ की तर्बीयत सही नहीं होगी। इसलिए यह नहीं समझना चाहिए कि सिर्फ वक़्फ़ नौ का विचार रखना है या सिर्फ लड़कों का ध्यान रखना है या सिर्फ लड़कियों को ही रोक-टोक करनी है। कुछ माताएं लड़कों की तरफ़ ध्यान अधिक देती हैं या कुछ माताएं ऐसी हैं जो लड़कों को लाड मे रखती हैं और लड़कियों को रोक-टोक करती हैं। अगर तर्बीयत में यह मतभेद है, अगर कोई भेद रखा जा रहा है तो कोई न कोई बच्चा फिर बिगड़ जाता है।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ ने फ़रमाया: इस माहौल में तर्बीयत बड़ा हस्सास मामला है। इसलिए बहुत सोच समझ कर तर्बीयत का हर क़दम उठाना होगा। मर्द अगर अपनी ज़िम्मेदारी सही तरह नहीं सँभाल रहे और उनके अनुकरण बच्चों पर, खासतौर पर लड़कों पर ग़लत प्रभाव डाल रहे हैं तो उन मर्दों को भी समझाएँ , अपने पतियों की तरफ़ भी ध्यान करें।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ ने फ़रमाया: औरत को घर की निगरान बनने का एक उच्च नमूना बनने की ज़रूरत है। हमें आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया कि मेरे सहाबा तुम्हारे लिए उस्वा हसना हैं और मर्द भी उस्वा हसना हैं और औरतें भी। यह नहीं कि सिर्फ मर्द ही उस्वा हसना हैं बल्कि औरतें भी आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की बैअत में आने का सम्मान पाया उन्होंने भी अपने नमूने स्थापित फ़रमाए , वे भी पाक नमूना बनें। सहाबियात भी ऐसी थीं जिन्होंने अपनी इबादतों के अनुकरण योग्य नमूने स्थापित किए। ऐसे उदाहरण मिलते हैं कि उन्होंने रातें इबादतों में गुज़ारीं और दिन को रोज़े रखे और फिर उनके पतियों को आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के पास उनकी शिकायत करनी पड़ी कि मेरी बीवी वो है जो सारी रात इबादत में व्यस्त रहती है और अपनी ज़िम्मेदारियाँ और अधिकार अदा नहीं करतीं और आंहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को औरतों को समझाना पड़ा कि मध्य रास्ता धारण करो। न ही अधिक तेज़ी कि स्थायी इतना अधिक इबादतों में व्यस्त हो जाओ कि घर की ज़िम्मेदारियाँ न निभा सको ना यह कि दुनिया की तरफ़ ही रग़बत इतनी हो जाए कि धर्म का पता ही कुछ न हो। आप ने फ़रमाया कि मध्य रास्ता धारण करो। अत: अगर शिकायत हुई तो इस बात पर कि हमारी औरतें प्रत्येक समय इबादत करने में व्यस्त रहती हैं। वह माहौल ऐसा था जिसने उन लोगों की एक काया पलट दी थी। औरतों को भी शिकवा अगर मर्दों से हुआ तो यह कि वह सारा दिन रोज़े में रहते हैं और रातों को इबादत करते हैं। अत: रिवायत में आता है कि एक बार एक सहाबिया का हुल्या ऐसा बना हुआ था कि बिलकुल अपना विचार नहीं था, मैले कपड़े थे। न कपड़ों का विचार , न बालों में कंघी , न उस ज़माना के अनुसार कोई

सिंघार। इस आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की एक बीवी ने पूछा जब वह उनके पास आईं कि तुम ने अपना यह क्या हाल बनाया हुआ है? तो उनका जवाब था कि अगर मैं तैय्यार हूँ, अपना हाल ठीक करूँ तो किस के लिए, मेरा पति तो रातों को इबादत करता है और दिन को रोज़े रखता है। मेरी तरफ़ तो इस का कोई ध्यान ही नहीं है,नज़र ही नहीं है। इस आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की हर्म ने आदरणीया पत्नी ने आंहुज़ूर सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की सेवा में निवेदन किया कि अमुक शख़्स की बीवी का यह हाल है और उसने अपने पति के बारे में यह बताया है कि इस की इस की तरफ़ कोई ध्यान नहीं। रोज़ों और इबादत में व्यस्त रहता है। इस पर आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने इस शख़्स को फ़रमाया कि तुम्हारी बीवी का भी तुम पर हक़ है। आप ने फ़रमाया कि मैं तुमसे अधिक अल्लाह के निकट हूँ। रोज़े भी रखता हूँ, खोलता हूँ , बच्चों के भी अधिकार अदा करता हूँ, बीवियों के अधिकार अदा करता हूँ, समाज के अधिकार अदा करता हूँ। अत: अपने बीवी बच्चों का भी हक़ अदा करो। अत: कुछ समय बाद वही सहाबिया पहले जिसका हाल बुरा था वह दोबारा एक बार आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की अज़्वाज के पास आईं तो उस वक़्त वह बड़ी तैय्यार हुई हुई थीं और बड़े अच्छे कपड़े थे, ख़ुशबू लगाई हुई थी। उन्होंने पूछा कि आज तुम बड़ी तैय्यार हो , बड़ी बनी संवरी हुई हो। क्या वजह है ? तो उन सहाबिया ने जवाब दिया कि इसलिए आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के कहने पर मेरा पति मेरी तरफ़ ध्यान देता है

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ ने फ़रमाया: अत: अपने जन्म के उद्देश्य को पूरा करने के लिए अपनी नस्लों को तबाह होने से बचाने के लिए उनको ख़ुदा तआला के निकट करने के लिए हमें अपनी इबादतों की तरफ़ ध्यान देने की ज़रूरत है हमें अपने अख़लाक़ की तरफ़ ध्यान देने की ज़रूरत है हमें अपने दूसरे पाक नमूने दिखाने की ज़रूरत है। मैंने कल भी ख़ुत्बा में जैसा कि मैंने कहा इस तरफ़ ध्यान दिलाया थी मर्दों को तो मस्जिदों में जाने का हुक्म है कि पाँच वक़्त नमाज़ें बाजमाअत पढ़ो लेकिन औरतों के लिए तो घरों में ही नमाज़ पढ़ने की आज्ञा है और सवाब भी मर्दों के बराबर है जिन को मस्जिदों में जाकर नमाज़ पढ़ने का सवाब मिलता है। अत: इस सहूलत से भी अगर लाभ न उठाएं तो फिर इस से बड़ी बदकिस्मती और क्या होगी? एक अहमदी औरत जिसने ज़माना के इमाम को इसलिए माना है कि इस वक़्त ज़माना में जो फ़ित्ना व फ़साद की हालत है मैंने इस से बच कर रहना है तो फिर आबिदा बनना होगा, अल्लाह तआला की इबादत करने वाला बनना होगा, उस की बन्दगी का हक़ अदा करने वाला बनना होगा। और जब आबिदा बनेंगी , इबादत करने वाली बनेंगी तो तब ही बाक़ी नेकियां करने की भी तौफ़ीक़ मिलेगी, तब ही इस बात की तरफ़ भी ध्यान पैदा होगा कि मैंने अल्लाह तआला और इस के रसूल की सम्पूर्ण फ़रमांबर्दार बनना है। तभी कानेतात में शुमार होगा। आँहज़रत ने फ़रमाया कि औरत अपने घर , अपने पति के घर की निगरान बनाई गई है। वह उस की गैरहाज़िरी में इस के घर और औलाद की निगरानी और सुरक्षा की ज़िम्मेदार है। अत: औलाद की तर्बीयत की ज़िम्मेदारी औरत पर सबसे अधिक डाली गई है कि पति अगर बाहर के कामों में व्यस्त है, घर में नहीं है तो औरत निगरान है। स्कूल से बच्चे घर वापस आए हैं तो औरत की मौजूदगी घर में ज़रूरी है ताकि उनकी ख़ुराक का ध्यान रखे और उनसे फिर स्कूल के हालात भी पूछे और फिर बाक़ी जो तर्बीयत के मामले हैं उनके बारे में बताए।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ ने फ़रमाया: पस अहमदी माओं को इस वक़्त कोशिश करनी चाहिए कि वो अपने बच्चों की नफ़सियात को समझते हुए यहां के माहौल के प्रभावों को देखते हुए बच्चों को बुरे और भले का अन्तर और फ़र्क़ बताते हुए तर्बीयत करें। आजकल यहां आज़ादी के नाम पर बच्चों को बचपन से ही ऐसी बातें बता दी जाती हैं जिनका बच्चों से सम्बन्ध ही नहीं होता और बलूग़त की उम्र को पहुंचने से पहले उस की समझ आ ही नहीं सकती उस का इदराक पैदा ही नहीं हो सकता, लेकिन यह बताते हैं। इल्म की रोशनी के नाम पर यह बताया जाता है। इल्म की रोशनी के नाम पर बच्चों को यह लोग अख़लाक़ी अंधेरों में धकेलने की कोशिश कर रहे हैं और यह बातें सिखा रहे हैं और बच्चे इस वजह से अख़लाक़ीयात में अख़लाक़ी अंधेरों में डूब भी रहे हैं। ऐसे हालात में माताओं की पहले से बढ़कर यह ज़िम्मेदारी है कि अपने घरों की निगरान बन कर उन व्यर्थ और बेहूदा बातों के रद्द के लिए पहले तो ख़ुद मालूमात इकट्ठी करें , ख़ुद मालूमात अपने पास रखें और अगर बच्चा स्कूल से सीख के आता है और इस के बारे में सवाल करे तो बिना शर्माए जो कुछ वो सवाल करता है अगर वह बेहूदा किस्म के सम्बन्धों के बारे में सवाल हैं तो उनको बताएं। बताएं कि यह बुराई है और अभी तुम्हारी उस की उम्र नहीं है। इस तरह हम अपने बच्चों की सुरक्षा और निगरानी कर सकते हैं, नहीं तो यह दुनिया-दार माहौल हमारी नस्लों की दुनिया तथा आख़रत बर्बाद कर देगा

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ ने फ़रमाया: अत: हर अहमदी को बड़ी फ़िक्र के साथ इस तरफ़ ध्यान देने की ज़रूरत है। हर अहमदी औरत को अपने नमूनों के साथ और दुआओं के साथ ऐसे उत्तम और आला स्तर की तर्बीयत की ज़रूरत है कि कहा जा सके कि यह माताएं तो एक ऐसा वजूद है जो अल्लाह तआला के फ़ज़्लों को समेटकर अपनी औलाद को एक क़ीमती सरमाए की सूरत में जमाअत को दे रही हैं। यह औलादें , यह बच्चे आपके पास जमाअत की अमानत हैं और उनकी तर्बीयत की वजह से यह सब बच्चे ख़ुदा तआला के पसंदीदा माल बन चुके हैं। यह लोग हैं जिन पर अल्लाह तआला के प्यार की नज़र हर-आन पड़ती रहती है जो अपने पाकीज़ा ज़हन की वजह से दुनिया की गन्दगियों की तरफ़ नज़र उठा कर भी नहीं देखते। उन्हें टीवी और इंटरनैट के व्यर्थ बेहूदा और नंगे और ग़लत प्रोग्रामों से कोई शौक़ नहीं है। उन्हें अगर दिलचस्पी है तो ख़ुदा तआला के फ़ज़्ल को तलाश करने की दिलचस्पी है। यह दुनिया कहे कि यह वह बच्चे हैं कि अगर दिलचस्पी है तो बेहूदगियों से दिलचस्पी नहीं, लग़वयात से दिलचस्पी नहीं , वक़्त नष्ट करने से दिलचस्पी नहीं, आवारागर्दी करने से दिलचस्पी नहीं , बाहर लड़कों में फिर कर नशा करने वाली चीज़ें प्रयोग करने से दिलचस्पी नहीं , बल्कि दिलचस्पी है तो ख़ुदा तआला के फ़ज़्ल को तलाश करने से दिलचस्पी है। अगर फ़िक्र है तो हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के साथ अल्लाह तआला के इस वादा का हिस्सा बनने की कि मेरे मानने वाले इल्म तथा मअरफ़त में तरक़्क़ी करने वाले हैं। यह अल्लाह तआला का वादा है और तरक़्क़ी करने वाले बन कर दुनिया की रहनुमाई करने वाले और दुनिया को दज्जाली फ़ित्नों से बचाने वाले बनेंगे। अत: ऐसे खज़ाने और ऐसे वजूद पैदा करने वाले बनें। ऐसी मुमन्ना बीवियां और माताएं बनें जिनके बारे में आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया कि वे बेहतरीन माल में से हैं।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ ने फ़रमाया: इसी तरह माताएं यह भी याद रखें कि लड़कियों की तर्बीयत के लिए उनको अपने भी नमूने दिखाने होंगे , खासतौर पर अपने लिबास और अपने पर्दे का भी उन्हें विचार रखना होगा। हया औरत की निशानी है। लड़कियों को बताएं कि यह तथा कथित तरक़्क़ी करने वाला समाज तुम्हारी लज्जा की सुरक्षा नहीं करता। बचपन से ही बताना होगा , पाँच छ: साल की उम्र से ही बच्चियों को बताना होगा कि यह समाज तुम्हारी लज्जा की सुरक्षा नहीं करता। लज्जा की सुरक्षा अल्लाह तआला के बताए हुए हुक्मों पर चल कर ही हो सकती है। इसलिए अल्लाह तआला ने क़ुरआन करीम में पर्दे का भी हुक्म फ़रमाया है और हया का भी हुक्म दिया है। हमेशा बच्चियों को यह

अल्लाह तआला का उपदेश

رَبَّنَآ اِنَّنَآ اٰمَنَّا فَاغْفِرْ لَنَا ذُنُوْبَنَا وَقِنَا عَذَابَ النَّارِ (आले इम्रान 17)

हे हमारे रब्ब निसन्देह हम ईमान ले आए

अतः हमारे गुनाह माफ कर दे और हमें आग के अज़ाब से बचा।

तालिबे दुआ

MUHAMMAD MAJEED AND FAMILY

AMEER DIST: ROUPR. PUNJAB

इर्शाद हज़रत अमीरुल मोमिनीन

"अगर तुम चाहते हो कि तुम्हें दोनों दुनिया की फत्ह हासिल हो और लोगों के दिलों पर फत्ह पाओ तो पवित्रता धारण करो, और अपनी बात सुनो, और दूसरों को अपने उच्च आचरण का नमूना दिखाओ तब अलबत्ता सफल हो जाओगे।"

तालिबे दुआ

धानू शेरपा

सैक्रेट्री जमाअत अहमदिया देवदमतांग (सिक्कम)

बताएं कि अल्लाह तआला के इस हुक्म को हमेशा अपने सामने रखो। इस बारे में किसी एहसास कमतरी में आने की ज़रूरत नहीं, दिल में किसी एहसास कमतरी को पैदा करने की ज़रूरत नहीं। अगर माताएं ख़ुद अपने पर्दों की सुरक्षा करेंगी और लड़कियों को इस का महत्त्व बताएँगी तो यक़ीनन बच्चियों पर भी इस का नेक प्रभाव होगा।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ ने फ़रमाया :कुछ पढ़ी लिखी लड़कियां समझती हैं कि हमारी माताएं पुराने ज़माना की हैं। उन्हें क्या पता कि इस ज़माना के साथ चलने के लिए पर्दा और हिजाब को नरम करने की ज़रूरत है या कुछ स्थानों पर न भी अगर पर्दा किया जाए, न भी यह शर्म वाला लिबास पहना जाए तो कोई हर्ज नहीं। लेकिन हमें हमेशा यह याद रखना चाहिए कि जो अल्लाह तआला के हुक्मों से हट कर चलेगा वह अपनी और अपनी नस्लों की ज़िन्दगियों को बर्बाद करेगा। इसलिए बिना किसी एहसास कमतरी के एक अहमदी लड़की और औरत को इस लिबास पर लानत भेजते हुए तर्क कर देना चाहिए जिससे लज्जा में कमी आती हो, जो लिबास अल्लाह तआला के हुक्मों की नफ़ी करता हूँ। अगर किसी को यह बहाना है कि काम के लिए कुछ किस्म के लिबास पहनने पड़ते हैं और वह लिबास बलाउज़ और जीन्ज़ के अतिरिक्त कुछ है ही नहीं और स्कार्फ भी नहीं लिया जा सकता और ऊपर कुछ लंबा कोट नहीं पहना जा सकता तो फिर ऐसे काम से हमारी लड़कियों को बचना चाहिए जो नंगे लिबास की तरफ़ लेकर जाने वाला है।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ ने फ़रमाया: अगर अल्लाह तआला के मुतवल्ली होने पर ईमान रखेंगी और सालेहात में से बनने की कोशिश करेंगी तो फिर अल्लाह तआला अपने वादा के अनुसार सालेहा का मुतवल्ली भी होगा। आज अगर पर्दे से आज़ाद हो जाएं तो अगली नस्लें और अधिक आज़ादी में चली जाएँगी और फिर धर्म से दूर हट जाएँगी। हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के इस इरशाद को हमेशा सामने रखें कि "यूरोप की तरह बेपर्दगी पर लोग ज़ोर दे रहे हैं लेकिन यह हरगिज़ मुनासिब नहीं।"आपने फ़रमाया"यह हरगिज़ मुनासिब नहीं, यही औरतों की आज़ादी और दुराचार की जड़ है।" यही ज़रूरत से अधिक आज़ादी देती है और यही है जो धर्म से दूर ले जाने वाली और धर्म के हुक्मों से दूर करने वाली है और उस की जड़ यह आज़ादी है। इसलिए बहुत सोच समझ कर हर क़दम उठाने की है।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ ने फ़रमाया अत: हमेशा याद रखें कि अगर अल्लाह तआला की बातों, इस के रसूल की बातों और इस ज़माना के इमाम और हक्म और अदल की बातों पर ध्यान से अनुकरण नहीं करेंगी तो अपना धर्म गंवा देंगी। फिर यह दावा भी ग़लत होगा कि हमने मसीह मौऊद की बैअत की है। इस माहौल में शरमाने की बजाय उन लोगों को जो दुनिया-दार हैं खुल कर बताएं कि पर्दा हमारा धार्मिक मामला है और तुम हमारे धर्म के मामले में दख़ल न दो। यहां की पढ़ी लिखी अहमदी लड़कियां अख़बारों में इस बारे में ख़त लिखें, निबन्ध लिखें।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ ने फ़रमाया: हमेशा याद रखें अल्लाह तआला के हुक्मों पर अनुकरण करेंगी तो धर्म व दुनिया में इज़्ज़त पाएँगी। अत: ख़ुद अपने जायज़े लीं, सिर्फ़ मस्जिद आने के लिए और जलसों पर आने के लिए हयादार लिबास और पर्दे न हूँ बल्कि यह आपकी एक अलग विशेषता हो। जहां भी हों आपका एक हयादार लिबास हो। हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की इस बात को हमेशा याद रखें कि तक़्वा धारण करो, दुनिया और इस की सुन्दरता से बहुत दिल मत लगाओ। कोशिश करो कि सारी उम्र मासूम और पाक दामन होने की हालत में क़ब्रों में दाख़िल हो। फ़रमाते हैं "ख़ुदा के फ़राइज़ नमाज़ ज़कात इत्यादि में सुस्ती मत करो।" फ़रमाया कि "अपनी इस ज़िम्मेदारी को ऐसी उम्दगी से अदा करो कि ख़ुदा के निकट सालिहात कानतात में हो जाओ।"

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ ने फ़रमाया अल्लाह तआला करे कि हर अहमदी औरत और हर अहमदी बच्ची धर्म को दुनिया पर मुक़द्दम रखते हुए अल्लाह तआला और इस के रसूल सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम और हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के हुक्मों और आदेशों पर चलते हुए अपने और अपनी नस्लों के धर्म की सुरक्षा करने वाली और उन्हें ख़ुदा तआला के साथ जोड़ने वाली हो अल्लाह तआला ने इस ज़माना के इमाम को मानने का जो आपको सम्मान दिया है इस की हमेशा आप क़दर करने वाली हूँ और दुनिया में डूब कर इस से दूर न हट जाएं आमीन।

आख़िर पर हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ ने दुआ करवाई। हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ का लज्ना यह ख़िताब 1 बजकर 40 मिनट तक जारी रहा। दुआ के बाद लज्ना और बच्चियों के विभिन्न ग्रुपों ने अरबी, उर्दू, फ्रैंच भाषा में तराने और दुआइया नज़्में प्रस्तुत कीं। आख़िर पर अफ्रीकन औरतों ने अपने विशेष अंदाज़ में कलिमा तय्यबा का विर्द किया और नारे लगाए ।

इस के बाद 2 बजे सय्यदना हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ ने मर्दाना जलसा गाह में तशरीफ़ ला कर नमाज़ ज़ुहर तथा असर जमा कर के पढ़ाई नमाज़ों की अदा करने के बाद हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ अपनी रिहायश गाह पर तशरीफ़ ले गए

फ्रैंच मेहमानों के साथ प्रोग्राम

प्रोग्राम के अनुसार 6 बजकर 40 मिनट पर हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ मर्दाना मार्की मैं तशरीफ़ लाए और फ्रैंच मेहमानों के साथ प्रोग्राम शुरू हुआ। आदरणीय अता-उलहई साहिब ने तिलावत क़ुरआन करीम की और इस के बाद उस का फ्रैंच भाषा में अनुवाद प्रस्तुत किया। इस के बाद आदरणीय आसिफ़ आरिफ़ साहिब नैशनल सैक्रेटरी अमूरे आमा फ्रांस ने अपना परिचयात्मक सम्बोधन किया।

इस के बाद सबसे पहले Trie Chateau के मेयर Mr David ने अपना सम्बोधन प्रस्तुत किया जिसमें उन्होंने कहा: ख़लीफ़ा की इस छोटे से शहर Trie Chateau मैं आना हमारे लिए बहुत ख़ुशी और सम्मान का कारण है। इस कम्यूनिटी की भलाई और जमाअत अहमदिया के साथ सम्बन्धों में वृद्धि के लिए अमन का पैग़ाम बहुत अहम है। मुझे उम्मीद है कि मौसम की ख़राबी के बावजूद भी आप इस जलसा से आनन्दित होंगे जो कि एक ऐसी स्थान पर आयोजित हो रहा है जो पैरिस के निकट है और बहुत ख़ुशगवार स्थान है। मुझे उम्मीद है कि आप लोग हमें जानेंगे और अपना परिचय हमें करवाएंगे। अत: मैं आप लोगों का और विशेष रूप से ख़लीफ़ा की इस अवसर पर तशरीफ़ लाने पर शुक्रिया अदा करना चाहता हूँ। आप सब का शुक्रिया।

इस के बाद डाक्टर Annelise Defaix साहिबा ने अपना सम्बोधन प्रस्तुत किया। महोदया पैरिस यूनीवर्सिटी के साथ जुड़ी हुई हैं और साउथ वैस्ट एशीयन डिपार्टमैंट में काम करती हैं। महोदया ने कहा: मैं पेशा के एतबार से सोशियालोजिस्ट हूँ और मुसलमान अक़ल्लीयतों पर विशेष रूप से काम कर रही हूँ। इस ग़ैरमामूली आयोजन में दावत पर आपका शुक्रिया अदा करना चाहती हूं। मैं 10 साल से अहमदियों को जानती हूँ। सबसे पहले मेरी अहमदियों के साथ मुलाक़ात इंडोनेशिया में हुई जहां उन्हें विरोध का सामना था। मैं उनसे बहुत प्रभावित हुई थी। फिर मुझे कम्बोडिया में भी अहमदी मिले। मैं Saint Prix में भी तीन साल से अहमदियों से मिल रही हूँ और धार्मिक अक़ल्लीयतों के atlas मैं अहमदियों के बारे में एक

दुआ का अभिलाषी
जी.एम. मुहम्मद शरीफ़
जमाअत अहमदिया मरकरा (कर्नाटक)

इस्लाम और जमाअत अहमदिया के बारे में किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए संपर्क करें

नूरुल इस्लाम नं. (टोल फ्री सेवा) :
1800 3010 2131
(शुक्रवार को छोड़ कर सभी दिन सुबह 9:00 बजे से रात 11:00 बजे तक)
Web. www.alislam.org, www.ahmadiyyamuslimjamaat.in

इस्लाम की वास्तविक शिक्षाओं का दहश्तगर्दी और उग्रवाद से कोई सम्बन्ध नहीं बल्कि इस्लाम तो अमन, प्यार, सहनशीलता और सुलह का धर्म है।

"इस्लाम" का शब्दिक अर्थ ही "अमन और सलामती" है, अतः एक वास्तविक मुसलमान वही है जो कि ख़ुद भी अमन वाला है और दुनिया में भी अमन तथा प्यार स्थापित करने की कोशिश में रहता है।

क़ुरआन करीम ने किसी एक स्थान भी इन्कार करने वालों के ख़िलाफ़ फ़साद और ताक़त के प्रयोग की शिक्षा नहीं दी बल्कि मुसलमानों को बर्दाश्त और सब्र की शिक्षा दी है

अतः आजकल के तथा कथित मुसलमान रहनुमा या इस्लामी हुकूमतें जो उग्रवाद और जुनूनीयत का प्रदर्शन करती हैं, इस का आरोप उन्हीं के सिर पर है

उनके फ़रेबी और मकरूह व्यवहारों को, जिनके कारण दुनिया का अमन और भाईचारा तबाह हो रही है, किसी भी अवस्था में जायज़ क़रार नहीं दिया जा सकता।

किसी का ज़बरदस्ती धर्म तबदील करना ज़ुल्म तथा अत्याचार के द्वारा दूसरों पर फ़तह प्राप्त करना सख़्ती से मना है बल्कि अमन और समाज की सूरक्षा के ख़िलाफ़ कोई भी नुकसान पहुंचाने वाला काम मना है।

रसूल करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हर अवसर पर नर्मी और विनय का मुज़ाहरा फ़रमाया आपने सिखाया कि सच्चा मुसलमान वह है जिसकी ज़बान और हाथ से दूसरे सुरक्षित हैं।

अगर दुनिया में अमन और तहफ़्फ़ुज़ की कमी का आरोप इस्लाम पर डाला जाता रहा तो दुनिया की यह ग़ैर-मुस्तहकम अवस्था और अधिक बिगाड़ का शिकार होती रहेगी

किसी धर्म या उस के अनुयायियों पर हमला करने से इस अन्तर में और अधिक वृद्धि ही होगा, इस से सिर्फ इंतिहापसंदों का हौसला बढ़ेगा जिससे समस्त जमाअतों और अक़ीदों के मध्य नफ़रत की आग भड़काने की कोशिशों में और अधिक वृद्धि होती जाएगी।

अपने दिल की गहराईयों से दुआ करता हूँ कि अल्लाह करे कि दुनिया वाले साझे लाभ के लिए इकट्ठे हों और इत्तिहाद के साथ काम करें और आपसी भरोसा और सुलह को परवान चढ़ाएं।

आईए हम सब धर्म पर आरोप लगाने या एक दूसरे पर उंगलियां उठाने की बजाय मिलकर अपनी समस्त ताक़त अमन की स्थापना के लिए खर्च करें और अपनी अगली नस्लों के लिए सुरक्षित भविष्य छोड़कर जाएं।

फ्रैंच मेहमानों से हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ का ईमान वर्धक ख़िताब।

अध्याय लिखा है। इस वक़्त हमारा देश मुसलमानों के हवाला से एक नाज़ुक दूर से गुज़र रहा है जिसका उदाहरण पहले कभी नहीं मिलता और ऐसे वक़्त में ख़लीफ़ा ने जो पैग़ाम दिया है वो हमारे दिलों के लिए राहत का कारण बना है और इस अन्धेरे वाले दौर से निकलने के लिए हमारे अंदर जज़बा पैदा करता है। फ्रांस में इस्लामोफोबिया बहुत आम हो चुका है लेकिन अमन और प्यार कभी अलग नहीं हो सकते। अस्सलामो अलैकुम

इसके बाद डाक्टर Langewish Katrine साहिबा जो कि Anthropologist हैं और यूनीवर्सिटी आफ़ Jonnas Gutenberg मैं अफ्रीकन स्टडीज़ की इंचार्ज हैं ने अपना सम्बोधन प्रस्तुत किया जिसमें उन्होंने कहा मेरी जमाअत अहमदिया से मुलाक़ात वैस्ट अफ्रीक़ा के देश बोरकीना फासो में स्थित उनके एक हस्पताल में हुई थी। इसके बाद मैंने इस जमाअत के साथ अपना सम्पर्क बहाल रखा और फिर फ्रांस, जर्मनी और अन्य देशों में भी इस जमाअत को देखा। बतौर Anthropologist मैं जमाअत के फ़लाही मन्सूबों विशेष रूप से ह्यूमैनिटी फ़र्स्ट में बहुत अधिक दिलचस्पी लेती हूँ और इस जमाअत का रूहानियत की तलाश और फ़लाही कामों में साथ साथ चलना बहुत ही उच्च चीज़ है। इसलिए मुझे ख़लीफ़ा की मौजूदगी में आज इस जलसा में शामिल होने कर के बहुत ख़ुशी मिल रही है। आप लोगों को शायद बोरकीना फासो में प्रकाशित होने वाली मेरी एक किताब अच्छी लगे जिसका एक अध्याय ही जमाअत अहमदिया के बारे में है।

5 अक्तूबर 2019 दिनांक हफ़्ता

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ ने 6 बजकर 53 मिनट पर अंग्रेज़ी भाषा में ख़िताब फ़रमाया जिस का उर्दू से हिन्दी अनुवाद प्रस्तुत है।

ख़िताब हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़

तशह्हुद, ताव्वुज़ और तसमिया के बाद हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ ने फ़रमाया: आप सब पर अल्लाह तआला की रहमतें और सलामती हों। सबसे पहले तो मैं समस्त मेहमानों का शुक्रिया अदा करना चाहूँगा जो कि एक मुसलमान कम्यूनिटी की तरफ़ से आयोजित ख़ालिस धार्मिक आयोजन में शामिल हुए हैं। वर्तमान कुछ सालों में कुछ तथाकथित मुसलमान गिरोहों के अत्याचारपूर्ण और घिनौने अत्याचार फ्रांस सहित विभिन्न देशों में बहुत अधिक दुःख और तकलीफ़ पहुंचाने का कारण बने हैं। इस तरह के हमलों की भरपूर निन्दा ही की जा सकती है और हमारी दुआएं और सहानुभूतियां हमेशा ज़ुल्म तथा अत्याचार का शिकार होने वाले उन लोगों के साथ रहेंगी।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ ने फ़रमाया इस्लाम की वास्तविक शिक्षाओं का दहश्तगर्दी और उग्रवाद से कोई सम्बन्ध नहीं बल्कि इस्लाम तो अमन, प्यार, धैर्य और सुलह का धर्म है।"इस्लाम" का शब्दी अर्थ ही "अमन और सलामती" है। अतः एक वास्तविक मुसलमान वही है जो कि ख़ुद भी अमन वाला है और दुनिया में भी अमन तथा प्यार स्थापित करने की कोशिश में लगा रहता है। मुसलमानों को इंतिहाई बुनियादी सतह पर यही शिक्षा दी गई है कि जब दूसरों को चाहे वो मुसलमान हैं या ग़ैर मुस्लिम, मिलें तो "अस्सलामो अलैकुम" कहीं जिसका अर्थ ही यह है कि "आप पर सलामती हो।" मिलने का यह इस्लामी तरीक़ा ख़ैर ख़्वाही की निशानी है जो कि दूसरे को अमन और सलामती का पैग़ाम देता है। बल्कि मैंने कई ग़ैर मुस्लिमों को भी देखा है जिनके मुसलमान दोस्त या परिचित होते हैं और वे उन्हें इस्लामी तरीक़ा के अनुसार "सलाम" कह कर मिलते हैं। बहरहाल यह संभव नहीं है कि हमारा धर्म हमें प्रत्येक अम्न तथा सलामती भेजने की नसीहत करता हो और साथ ही हमसे यह भी मांग करे कि लोगों के विरोध में उनके अधिकार छीनने वाले हों और उनके ख़िलाफ़ क्रोधित हो कर हथियार लेकर खड़े हो जाएं। यह नामुमकिन है कि इस्लामी शिक्षाओं में इस क़दर मतभेद पाया जाए। इसलिए यह स्पष्ट रखें कि हर किस्म का उग्रवाद और अत्याचार इस्लामी शिक्षाओं के सरासर ख़िलाफ़ है।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ ने फ़रमाया: इस्लाम की हक़ीक़त समझने के लिए ज़रूरी है कि इस्लाम के संस्थापक हज़रत मुहम्मद मुस्तफ़ा सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के ज़माना पर ग़ौर किया जाए। जब आप ने अल्लाह तआला के नबी होने का दावा फ़रमाया तो आप और आप के सहाबा का बहुत विरोध और हिंसक अत्याचार का शिकार बने। अव्वलीन मुसलमानों में से सिर्फ कुछ एक का ही सम्बन्ध इज़्ज़तदार और मालदार ख़ानदानों से था लेकिन अधिकतर संख्या ग़रीबों और ग़ुलामों की थी। मक्का के कुफ़्फ़ार उन लोगों को डराने और धमकाने के लिए उन पर बहुत ज़ुल्म तथा अत्याचार करते। रसूले करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम महान धैर्य तथा हौसला के साथ इस ग़ैर इन्सानी सुलूक और कठोर नाइंसाफ़ियों को बर्दाश्त करते रहे और अपने अनुयायियों को भी

इसी बात की नसीहत फ़रमाते रहे। उदाहरण के तौर पर एक अवसर पर रसूल करीम ने एक मुसलमान मियां बीवी और उनके छोटे बच्चे को देखा कि कुफ़्फ़ार उन्हें मार पीट रहे थे और उन पर ज़ुल्म ढा रहे थे। इस कट्टरता और ज़ुल्म तथा बरबरीयत के बावजूद रसूल करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने उन्हें इन अत्याचारों को सब्र तथा दृढ़ता के साथ बर्दाश्त करने की नसीहत फ़रमाई। आप ने न तो उनको बदला लेने का हुक्म दिया और न ही अन्य मुसलमानों को इन कुफ़्फ़ार का मुक़ाबला करने के लिए बुलाया बल्कि आप ने तो अपने सहाबा रज़ी अल्लाह अन्हुम को अमन वाला रहने का इरशाद फ़रमाया चाहे उन की जान भी चली जाए। आप ने उन्हें इस बात की नसीहत फ़रमाई कि उन्हें उस का बदला आख़रत में अल्लाह तआला के हुज़ूर हाज़िर हो कर मिलेगा।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ ने फ़रमाया: अत: रसूल करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम और आप के सहाबा कई साल तक यह ज़ुल्म तथा अत्याचार सहन करते रहे जब तक कि हिजरत कर के मदीना नहीं चले गए ताकि वहां पर आज़ादी के साथ अपने धर्म पर अनुकरण कर सकें और अमन वाला ज़िन्दगियां गुज़ार सकें। लेकिन हिजरत को अधिक समय नहीं हुआ था कि मक्का के कुफ़्फ़ार मुसलमानों का पीछा करते हुए उनके नए वतन भी पहुंच गए और वहां भी मुसलमानों के ख़िलाफ़ जंग शुरू कर दी। अत: तब पहली बार अल्लाह तआला ने मुसलमानों को मुक़ाबला करने की आज्ञा प्रदान फ़रमाई और इस आज्ञा का ज़िक्र क़ुरआन करीम की सूर अल-हज्ज आयात 40 और 41 मैं मिलता है। इन आयतों में अल्लाह तआला वर्णन फ़रमाता है कि जंग करने की आज्ञा इसलिए दी गई है कि लोगों की तरफ़ से मुसलमानों पर हमले किए जा रहे हैं और यह लोग सिर्फ इस्लाम को ही नहीं बल्कि धर्म को ही धरती से ख़त्म कर देना चाहते थे। क़ुरआन करीम कहता है कि अगर मुसलमानों की प्रतिरक्षा करने की आज्ञा न दी जाती तो कोई भी कलीसा, गिरजा, मंदिर, मस्जिद और किसी भी धर्म की कोई भी इबादत गाह सुरक्षित न रहती। अत: अगर रसूले करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम और आप के सहाबा को विवश होकर जंगों में हिस्सा लेना पड़ा तो यह समस्त लोगों के अधिकार की सुरक्षा की लिए था। यह इसलिए था कि इस बात की यक़ीन दहानी करवाई जाए कि ईसाई, यहूदी, हिंदू, मुसलमान और दूसरे धर्मों तथा अक़ीदों के लोगों को अपने अपने अक़ीदा के अनुसार अपनी इच्छा से इबादत करने का हक़ प्राप्त हो

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ ने फ़रमाया: जैसा कि आरोप लगाया जाता है कि अगर इस्लाम ने मुसलमानों को ज़बरदस्ती अपनी शिक्षाओं फैलाने और देशों पर क़ब्ज़ा करने और अन्य धर्मों को ख़त्म करने की आज्ञा दी होती तो क़ुरआन करीम उतना खुल कर क्यों कहता कि अन्य धर्मों की सुरक्षा करना और अन्य धर्मों के मानने वालों के अधिकार की सुरक्षा करना मुसलमानों का धार्मिक फ़रीज़ा है। हक़ीक़त तो यह है कि आरम्भिक मुसलमानों ने व्यक्तिगत धार्मिक आज़ादी के स्थायी उसूल स्थापित करने के लिए अपनी जानें तक दे दें। यह आज़ादियां इस्लामी अक़ीदा की बुनियाद हैं और हमेशा के लिए क़ुरआन करीम में सुरक्षित हो चुकी हैं। क़ुरआन करीम की सूरा बक़रा की आयत 257 मैं अल्लाह तआला स्पष्ट रूप से फ़रमाता है कि "धर्म में कोई जबर नहीं है।" यह विचार की आज़ादी, धर्म की आज़ादी और सोच की आज़ादी के हक़ में बड़ा स्पष्ट वर्णन है जिसमें किसी किस्म की शंका नहीं पाई जाती।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ ने फ़रमाया: इस्लाम धर्म के संस्थापक सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम और ख़ुलफ़ाए राशिदीन के दौर में ग़ैर मुस्लिम लोगों की कभी अधिकार नहीं छीने गई और न ही उन्हें इस्लाम स्वीकार करने पर मजबूर किया गया या उन्हें अपनी रिवायातों व अक़ीदों को छोड़ने पर मजबूर किया गया। आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम सारी उम्र अमन, धर्मों के मध्य वार्तालाप और विभिन्न क़ौमों के मध्य सुलह और आपसी इज़्ज़त व सम्मान के इच्छुक रहे। उदाहरण के तौर पर हिजरत मदीना के बाद आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने यहूदियों से एक मुआहिदा किया, जिसके अधीन एक साझी हुकूमत स्थापित की गई और इस्लाम के संस्थापक को मुत्तफ़िक़ा तौर रियासत का सर्वोच्च चुना गया। इस मुआहिदा की शर्तों के अनुसार मुसलमानों और यहूदियों ने रियासत के साथ सहयोग करने और वफ़ादार शहरी बनने का अह्द किया। इस मुआहिदा के तहत प्रत्येक को अपने धर्म और अक़ीदों पर बिना किसी भय, तकलीफ़ या पाबंदी के अनुकरण करने का हक़ दिया था। आंहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने कभी भी इस मुआहिदा के ख़िलाफ़ नहीं किया। जबकि दूसरी तरफ़ कुछ ऐसे अवसर आए कि ग़ैर मुस्लिमों ने इस मुआहिदा के ख़िलाफ़ किया और फिर पहले से ही निर्धारित कानूनों के अनुसार उन्हें सज़ा दी गई।

हुज़ूर अनवर उदय अल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ ने फ़रमाया: इस्लाम ने कभी भी अपने अनुयायियों को यह आज्ञा नहीं दी कि वह ताक़त के द्वारा अपना अक़ीदा फैलाईं और न ही किसी मुसलमान हुकूमत और रहनुमा को यह आज्ञा दी कि वह यह ऐलान करें कि यहां सिर्फ मुसलमानों को रहने की आज्ञा है। जैसा कि मैंने बताया है कि मीसाक़ मदीना के तहत हर क़ौम को अपनी रिवायतों और अक़ीदों पर अनुकरण करने की आज़ादी थी। वह समाज एक अहम उसूल पर एक साथ थे कि हर कोई बिना किसी भेद के धर्म तथा अक़ीदा अपनी अपनी ज़िम्मेदारी से अदा करेगा और रियासत का वफ़ादार शहरी बन कर रहेगा और हर इस काम से बचेगा जिससे समाज के अमन तथा सुरक्षा को ख़तरा हो। इसलिए यह बिलकुल ना इंसाफ़ी है कि सीमित कुछ मुसलमानों के गुमराह करने वाले और बुरे कर्मों का आरोप इस्लाम की अम्न पसन्द शिक्षा पर डाला जाए। यह लोगों और संस्थाऐं जो इंतिहापसंद हैं और जिनके व्यक्तिगत लाभों दहशतगर्दी और उग्रवाद से जुड़े हैं , उनका इस्लाम से कोई भी सम्बन्ध नहीं है। वे बे-शक अपने नफ़रत से भरे हुए कामों को इस्लाम के नाम पर जायज़ क़रार दें, लेकिन हक़ीक़त यह है कि वह सिर्फ और सिर्फ क़ुरआन करीम इस्लाम धर्म के संस्थापक सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की पाकीज़ा और अम्न पसन्द शिक्षाओं को बदनाम करते हैं

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ ने फ़रमाया: क़ुरआन करीम का प्रत्येक पृष्ठ इस रोशन शिक्षा से भरा है जिसके अनुसार मुसलमानों को चाहिए कि वो दुनिया में अमन स्थापित करने का कोई अवसर हाथ से न जाने दें। जैसे क़ुरआन करीम की सूरा ज़ख़रफ़ आयात 89 और 90 में आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की इन दर्द-भरी और वेदना भरी दुआओं का ज़िक्र किया गया है जिनमें आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ख़ुदा तआला से इल्तिजा कर रहे हैं कि वह जो प्यार भरी और सच्ची शिक्षा लोगों के सामने प्रस्तुत कर रहे हैं इस का इन्कार हो रहा है। जवाब में अल्लाह तआला ने आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को उन लोगों से दर गुज़र करने और अमन का पैग़ाम फैलाते रहने की नसीहत की गई है

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ ने फ़रमाया: शब्द "इस्लाम" का अर्थ है कि ईमान लाना और अमन फैलाना। और इस दृष्टि से अल्लाह तआला ने आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को इस्लाम का पैग़ाम पहुंचाने और बाक़ी मामला अल्लाह पर छोड़ने और जिन लोगों ने इस पैग़ाम को मुस्तर्द क्या, उन्हें निरन्तर अमन देते रहने की नसीहत फ़रमाई। क़ुरआन करीम ने किसी एक स्थान भी इन्कार करने वालों के ख़िलाफ़ फ़साद और ताक़त के प्रयोग की शिक्षा नहीं दी बल्कि मुसलमानों को बर्दाश्त और सब्र की नसीहत की है। अत: आजकल के तथाकथित मुसलमान रहनुमा या इस्लामी हुकूमतें जो उग्रवाद और जुनूनीयत का प्रदर्शन करती हैं, इस का आरोप उन्हीं के कंधों पर है। उनके फ़रेबी और मकरूह व्यवहारों को, जिनके कारण दुनिया का अमन और भाईचारा तबाह हो रहा है, किसी भी अवस्था में जायज़ क़रार नहीं दिया जा सकता और न ही उस की किसी तरह जायज़ कहा जा सकता है।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ ने फ़रमाया: इस्लामी शिक्षा इस बारे में स्पष्ट है कि किसी का ज़बरदस्ती धर्म तबदील करना ज़ुल्म तथा अत्याचार के द्वारा दूसरों पर फ़तह प्राप्त करना सख़्ती से मना है। बल्कि अमन और समाज की सुरक्षा के ख़िलाफ़ कोई भी हानि पहुंचाने वाला कर्म मना है। रसूल करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हर अवसर पर नर्मी और विनय का मुज़ाहरा फ़रमाया। आपने सिखाया कि सच्चा मुसलमान वह है जिसकी ज़बान और हाथ से दूसरे सुरक्षित हैं। आप ने यहां अन्तर नहीं किया कि मुसलमान सिर्फ मुसलमानों से सहानुभूति और रहम का सुलूक करें। बल्कि स्पष्ट तौर पर फ़रमाया कि अक़ीदों के अन्तर से ऊंचा होकर समाज के समस्त लोगों को सुरक्षा प्रदान करना चाहिए। अत: वह कट्टरवाद जो नाइट क्लबों, कॉन्सर्ट हालों और स्टेडियमों पर आत्मघाती हमला करते हैं या पागलों की तरह लोगों पर गाड़ियां चढ़ा देते हैं वे इंतिहाई जानवरों वाला और अत्याचारपूर्ण रंग में इस्लामी शिक्षाओं की ख़िलाफ़ कर रहे होते हैं।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ ने फ़रमाया: क़ुरआन शरीफ़ ने बुनियादी इन्सानी अधिकार के तौर पर धार्मिक आज़ादी के अतिरिक्त और भी बहुत से दैनिक की ज़िन्दगी के उसूल सिखाए हैं जिनके द्वारा लोग बिना किसी नस्ल तथा अकीदों के भेद के मिलजुल कर अमन वाली ज़िन्दगी बसर कर सकते

हैं। उदाहरण के तौर पर सूर अल-बकर: की नम्बर 189 मैं क़ुरआन शरीफ़ ने इन्साफ़ पर आधारित तिजारत के बारे में वर्णन फ़रमाया है और माली सम्बन्धों या पैसों के लेन-देन में नेक नीयती की यक़ीन दहानी करवाई है। इस आयत में अल्लाह तआला ने मुसलमानों को नसीहत फ़रमाई है कि उन्हें कभी धोखा दही से माल प्राप्त नहीं करना चाहिए। बल्कि मुसलमानों को ईमानदार और भरोसा के योग्य बनने की शिक्षा दी गई है ताकि विभिन्न लोगों के मध्य शत्रुता और द्वेष न पैदा हो।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ ने फ़रमाया: इस्लाम यह सिखाता है कि न्याय से दूर तिजारत और मामलों को पूरा न करना समाज में एकता को कमज़ोर कर देता है और समाज के अमन को तबाह कर देता है। जहां दुनिया में व्यक्तिगत और सामूहिक सतर पर स्वार्थों और लालच के कारण इतने मतभेद और तकलीफ़ें मौजूद हैं, वहां समाज में अमन की स्थापना के लिए इन्साफ़ और बराबरी के उसूल बहुत महत्त्वपूर्ण हैं। फिर सूर अल-मुतफ़्फ़फ़ीन की आयतें 2 से 4 मैं क़ुरआन शरीफ़ फ़रमाता है।" हलाकत है तौल में नाइंसाफ़ी करने वालों के लिए। अर्थात वे लोग कि जब वे लोगों से तौल लेते हैं भरपूर (पैमानों) के साथ लेते हैं। और जब उनको माप कर या तौल कर देते हैं तो कम देते हैं।" यह आयतें इस बात की पुष्टि करती हैं कि जो लोग व्यापारिक लेन-देन में हानि करते हैं, जो दूसरों को कम देते हैं जबकि बदला में अदा योग्य से भी अधिक की मांग करते हैं और धोखा देने और झूठ से काम लेते हैं, उन पर लानत भेजी गई है और उनकी गिनती ज़लील तथा रुस्वा होने वालों में होगी।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ ने फ़रमाया: क़ुरआन करीम ने विश्वव्यापी क़ौमों के और अंदरूनी मतभेद या विभिन्न क़ौमों के मध्य उठने वाले मतभेदों को हल करने के बारे में भी रहनुमा नियम विस्तार के साथ वर्णन फ़रमाए हैं। इस्लाम का ध्यान हमेशा स्थायी अमन की स्थापना और शत्रुता और दुश्मनी की समाप्ति की तरफ़ रही है। उदाहरण के तौर पर सूर अल-हुजरात की नम्बर 10 मैं वर्णन फ़रमाया है कि अगर दो गिरोहों में लड़ाई हो जाए तो उनके पड़ोसियों या किसी ग़ैर जांबदार गिरोह को बातचीत के माध्यम से उनमें सन्धि करवा देनी चाहिए। तीसरे पक्ष जो सुलह करवाए अपने स्वार्थों से ऊंचा हो कर करवाए। फिर अगर सन्धि से अमन वाले फ़ैसला न हो सके या कोई अगर वह मुआहिदा के बाद उस की रक्षा न करे तो दूसरी क़ोमों इस पक्षा के ख़िलाफ़ मुत्तहिद हो जाएं जो ना इंसाफ़ी का प्रदर्शन कर रहा है और इस को ज़ोर से रोकें। फिर जब वह जुल्म करने वाला रुक जाए तो फिर उस को अपमानित नहीं करनी चाहिए और न ही इस पर अन्यायपूर्ण पाबंदियां लगानी चाहिऐं। बल्कि इन्साफ़ और स्थायी अमन को प्राप्त करने के लिए उन्हें अवसर प्रदान करना चाहिए कि वह आज़ाद समाज के तौर पर आगे बढ़ सकें और उन्हें दोबारा अपने पांव पर खड़ा होने के लिए हर प्रकार की मदद भी प्रदान करनी चाहिए।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ ने फ़रमाया: मेरी आस्था है कि यह ग़ैरमामूली कुरान के उसूल सिर्फ मुसलमानों के लिए नहीं बल्कि विश्वव्यापी तौर पर झगड़े को सुलझाने के लिए बुनियादी उसूल है और अगर इस पर अनुकरण किया जाए तो यह दुनिया के स्थायित्व और चिरस्थायी अमन को प्राप्त करने का माध्यम साबित हो सकता है। बड़े खेद की बात है कि बहुत से मुसलमान देश इस कुरआन के उसूल पर अनुकरण करते नज़र नहीं आते जिसके नतीजा में वे बेवकूफ़ाना झगड़े में उलझे हुए हैं और निरन्तर जुल्म तथा नाइंसाफ़ी के दायरे में जकड़े हुए नज़र आते हैं। जैसा कि ज़िक्र हो चुका है कि यह आयत इस बात को भी वर्णन करती है कि विजयी को फ़तह प्राप्त करने के बाद हारने वाले पर दबाओ नहीं डालना चाहिए और उसका अपमान नहीं करनी चाहिए। उसकी हिक्मत स्पष्ट है कि अगर हारने वाले अपमानित किया जाए तो अमन अधिक देर स्थापित नहीं रहेगा बल्कि इस क़ौम के लीडरों और लोगों में व्याकुलता और शत्रुता पैदा हो जाएँगी। और उसके विपरीत अगर हारने वाली क़ौम के साथ दया और इन्साफ़ का व्यवहार किया जाए तो आपसी सम्मान और भरोसा का माहौल पैदा होगा।

